9. क्रिया

किसी काम का करना या होना क्रिया कहलाता है। जो शब्द काम का करना बताते हैं, वे क्रिया शब्द होते हैं। कुछ काम मानव, पशु–पक्षी आदि द्वारा किए जाते हैं तो कुछ कार्य प्रकृति द्वारा स्वतः ही होते हैं। जैसे– हवा का चलना, बारिश का होना आदि।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को क्रिया के बारे में बताएँ। पाठ पृष्ठ पर दिए चित्र को दिखाकर पूछें, चित्र में कौन–कौन क्या कर रहा है।
- ❖ चित्र के वाक्य पढ़वाएँ तथा बताएँ, खरीदना, तौलना, खाना, बेचना, देखना ये सभी काम वाले शब्द हैं यानी ये क्रिया हैं।
- ❖ बच्चों से जानें, वे प्रतिदिन घर पर क्या–क्या काम करते हैं। उनकी माता जी क्या–क्या काम करती हैं आदि बातचीत द्वारा क्रिया समझाएँ।
- ❖ पाठ में दिए उदाहरणों की सहायता से क्रिया का अभ्यास करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दी क्रियाएँ पढ़वाएँ।
- ❖ जो किसी काम या क्रिया को करता है, वह कर्ता कहलाता है। बताएँ।
- ❖ अपना उदाहरण देते हुए बता सकती हैं कि आप पढ़ा रही हैं, यह क्रिया है तथा आपके द्वारा पढ़ाने का काम हो रहा है इसलिए आप कर्ता हैं।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाने में यथोचित सहायता करें।